# अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 28 फरवरी 2025
फाल्गुन शुक्ल-प्रतिपदा
विक्रम संवत-2081


PAGE NO 8 : TOP

# एसआरएमएस और ठेकेदार इलेवन के बीच खिताब के लिए होगी भिड़ंत

## श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एक मार्च को

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी



अभिषेक शर्मा को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। स्रोत: कॉलेज

बरेली। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के मैदान में चल रही श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन में बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। फाइनल मुकाबला एक मार्च को एसआरएमएस और ठेकेदार इलेवन के बीच होगा।

पहला मुकाबला ठेकेदार इलेवन और आईके कलेक्शन बरेली के बीच हुआ। इसमें ठेकेदार इलेवन के कप्तान एके पाल ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 18 ओवरों में 163 रन बनाए। इसमें लक्ष्य मलिक नें 39 रन, शुभम ने 20 रन बनाए।

आईके कलेक्शन के शिव राठी ने चार और सिद्धार्थ गुप्ता ने तीन विकेट हासिल किए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईके कलेक्शन की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले दो ओवरों में ही टीम के दो बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। इसके बाद 17.5 ओवरों में पूरी टीम 121 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

इस मौके पर ठेकेदार इलेवन ने 42 रनों से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। ठेकेदार इलेवन के लिए तीन विकेट लेने वाले गेंदबाज विशाल सिंह चौधरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और आईके कलेक्शन एसजी कैंट के बीच खेला गया। इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के कप्तान अनंत भटनागर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने का फैसला किया।

एसआरएमएस के बल्लेबाजों ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 202 रन बनाए। इसमें हर्ष राणा ने 34 रन, अभिषेक शर्मा ने 54 रन बनाए। आईके कलेक्शन एसजी कैंट बरेली के गेंदबाज सत्यम ने चार विकेट हासिल किए।

जवाब में आईके कलेक्शन एसजी कैंट की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर 172 रन ही बना सकी। इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने 30 रनों से मैच जीता और फाइनल में अपनी जगह बनाई। आईके कलेक्शन एसजी कैंट के लिए अनिवेश चौधरी ने 36 रन, दिव्यांश राजपूत ने 52 रनों का योगदान दिया।

एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के लिए 21 गेंदों पर तीन छक्के और सात चौकों की मदद से आक्रामक 54 रनों की पारी खेलने के साथ-साथ दो विकेट लेने वाले अभिषेक शर्मा को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।